नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 153/2021
Dt-12-4-2021

राज्य परियोजना निदेशक,
बिहार शिक्षा परियोजना,
पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के बलनी मेंहथ ग्राम पंचायत के नवटोलिया ग्राम में नये प्राथमिक विद्यालय सृजित के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर के प्रखंड झंझारपुर में बलनी मेंहथ पंचायत के नवटोलिया ग्राम की आबादी लगभग 500 है। यह गाँव इस्ट–वेस्ट कॉरिडोर के एन.एच.–57 के दक्षिण अवस्थित है, जो कमला पूर्वी तटबंध एवं कमला पश्चिमी तटबंध के मध्य पुराना एस.एच.–52 जो वर्तमान में एन.एच.–527A के एक छोर पर अवस्थित है। इस गाँव में कोई भी विद्यालय नहीं है। यहाँ के लगभग डेढ़–दो सौ बच्चे गाँव के सटे एन.एच.–57 को पार कर 01 कि.मी. उत्तर प्राथमिक विद्यालय, कचहरीटोल मेंहथ पढ़ने जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि इस गाँव के आस–पास ईस्ट–वेस्ट कोरिडोर के दक्षिण कोई अन्य विद्यालय भी नहीं हैं। उक्त वर्णित पथ पर भारी एवं हल्के वाहनों की भीड़ रहती है तथा इस पर तीव्र गति से वे–रोक–टोक वाहन चलते रहते है। सड़क की ऊँचाई भी काफी अधिक है। फलस्वरूप बच्चों को सड़क पार करने में काफी कठिनाई होती हैं। उक्त स्थल पर प्रायः सड़क पार करने के क्रम में बच्चे दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। लगभग दर्जनों दुर्घटनायें घटित हो चुकी है जिसमें कई हताहत भी हुए हैं।

उक्त वर्णित नवटोलिया प्राथमिक विद्यालय के निर्माण के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय झंझारपुर के पत्रांक–910 दिनांक 8.4.2021 के माध्यम से पंचायत समिति झंझारपुर द्वारा पारित प्रस्ताव को जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी को अग्रेतर कार्रवाई हेतु निर्गत किया है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में "नवटोलिया" के बच्चे की अध्ययन हेतु गाँव में प्राथमिक विद्यालय की आवश्यकता है। उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय के सृजनोपरांत विद्यालय हेतु भू–दाता भी उपलब्ध है, जो गाँव में विद्यालय की स्थापना के लिए अपनी जमीन सरकार को निबंधित करने को तैयार हैं।

अतः अनुरोध है कि ग्राम नवटोलिया में प्राथमिक विद्यालय के सृजन हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 12.4.21

Uday Kumar
8.6.2021

संलग्न–पत्रांक/910, दिनांक 8.4.2021 की छायाप्रति

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in